C M Y K

SINCE-2003

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक अपना अखबार


# मॉर्निंग न्यूज़

वर्ष 20 अंक : 199 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
गुरुवार 28 नवंबर, 2024

'हर पुरुष की सफलता के पीछे एक स्त्री का हाथ होता है, चाहे वह मां, बहन, पत्नी, दोस्त या फिर कोई ओर हो।'



पेज 7 | स्पोर्ट्स



## एक नजर

### भाजपा का सीएम हमें मंजूर, मेरे को पद की लालसा नहीं : शिंदे

**मीडिया से बोले-जब मुख्यमंत्री था तब पीएम मोदी साथ खड़े रहे, वे जो फैसला लेंगे स्वीकार**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र का अगला सीएम भाजपा का हो सकता है। बुधवार को ठाणे में कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा का सीएम हमें मंजूर है। मुझे पद की लालसा नहीं। जब मैं मुख्यमंत्री था तब मोदी जी मेरे साथ खड़े रहे। अब वो जो फैसला लेंगे स्वीकार होगा। शिंदे ने कहा कि मैंने कल मोदी जी को फोन किया था हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है, मन में कोई अड़चन न लाएं। हम सब एनडीए का हिस्सा हैं। भाजपा की बैठक में जो फैसला लिया जाएगा, हमें मंजूर होगा। कोई स्पीड ब्रेकर नहीं है। हम सरकार बनाने में अड़चन नहीं बनेंगे।



### विधायक सिद्धि कुमारी और उनकी बुआ राज्यश्री के खिलाफ केस दर्ज

**अब बीकानेर पूर्व राजपरिवार प्रॉपर्टी विवाद गहराया**

**मॉर्निंग न्यूज @ बीकानेर।** उदयपुर के बाद अब बीकानेर पूर्व राजघराने का प्रॉपर्टी विवाद सामने आया है। विधायक सिद्धि कुमारी और उनकी बुआ राज्यश्री कुमार पर प्रॉपर्टी को लेकर बीछवाल थाने में एफआईआर कराई गई है। दर्ज हुए क्रॉस केस में एक मामला सिद्धि कुमारी पर होटल चलाने वाली कंपनी ने कराया है। दूसरा केस बुआपर सिद्धि कुमारी के ट्रस्ट की ओर से संपत्ति



खुर्द-बुर्द को लेकर कराया गया है। बीकानेर के पूर्व राजघराने की अरबों की संपत्ति को लेकर महाराजा करणी सिंह की बेटी और अंतरराष्ट्रीय शूटर राज्यश्री कुमारी, करणी सिंह के बेटे नरेंद्र सिंह की बेटी सिद्धि कुमारी के बीच विवाद है। दोनों प्रॉपर्टी से जुड़े ट्रस्टों को लेकर अपना-अपना अधिकार जता रही हैं। करीब 11 महीने पहले भी सिद्धि कुमारी ने बुआ राज्यश्री पर धोखाधड़ी और गलत तथ्य पेश करने का आरोप लगाते हुए 3 लोगों पर एफआईआर कराई थी।

### जयपुर में मकर संक्रांति और शीतला अष्टमी का रहेगा अवकाश

**जिला कलेक्टर ने अगले साल की दो छुट्टियां घोषित की**

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जयपुर में कलेक्टर ने अपने पॉवर की अगले साल के लिए दो छुट्टियों का एलान किया है। ये छुट्टियां जनवरी और मार्च में होगी। नियमों के तहत हर कलेक्टर को अपने पॉवर से दो छुट्टियां देने का अधिकार होता है। इसी के तहत जयपुर कलेक्टर ने इन छुट्टियों के आदेश जारी किए है। जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने आदेश जारी करते हुए अगले साल 14 जनवरी 2025 मंगलवार को मकर संक्रांति पर और 21 मार्च शुक्रवार को शीतला अष्टमी पर जयपुर जिले की सीमा में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। शीतला अष्टमी के दिन जयपुर के चाकसू में भरने वाले मेले के लिए यह अवकाश घोषित किया है। वहीं 14 जनवरी मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के लिए ये अवकाश घोषित किया है।

### प्लेन में यात्री को पैनिक अटैक, जयपुर में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर बुधवार को एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। इंडियो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-402 देहरादून से पुणे जा रही थी। इसी दौरान प्लेन में यात्री को पैनिक अटैक आ गया। मामला दोपहर करीब ढाई बजे का है। यात्री की तबीयत बिगड़ने पर फ्लाइट की लैंडिंग जयपुर में करवाई गई। यहां यात्री को उतारा गया। इसके बाद करीब 2 घंटे बाद प्लेन को रवाना किया गया। इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6 ई-402 ने अपने निर्धारित वक्त पर दोपहर लगभग 12 बजे देहरादून से पुणे के लिए उड़ान भरी थी। कुछ ही देर बाद लगभग 1 बजकर 40

शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश भाजपा का ऑनलाइन सदस्यता अभियान संपन्न

# मुख्यमंत्री भजनलाल का विधानसभा क्षेत्र सांगानेर रहा सबसे अव्वल

## सीएम ने 86,787 सदस्य बनाकर किया टॉप, दूसरे नंबर पर ऊर्जा मंत्री नागर की सांगोद सीट और तीसरे नंबर पर उपमुख्यमंत्री दीया की सीट रही

*मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर*

*प्रदेश में बीजेपी ऑनलाइन सदस्यता अभियान 25 नवंबर को पूरा हो गया। राजस्थान बीजेपी को केंद्रीय नेतृत्व की ओर से 1 करोड़ मेंबर बनाने का टारगेट दिया गया था। इसे सीएम भजनलाल शर्मा ने 25 लाख बढ़ाकर 1 करोड़ 25 लाख कर दिया था। 200 विधानसभा क्षेत्रों में सीएम भजनलाल शर्मा की सांगानेर सीट ने 86,787 सदस्य बनाकर टॉप किया है। दूसरे नंबर पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की सांगोद सीट आती है। इसमें 86,631 सदस्य बने हैं। वहीं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी की विधानसभा सीट सदस्य बनाने की लिहाज से तीसरे नंबर पर है। विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 83,610 सदस्य बने हैं। चौथे नंबर पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 79,808 सदस्य बने हैं। पांचवें नंबर पर अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र है, जहां 75,870 सदस्य बने हैं।*

*दूसरी ओर सदस्यता अभियान की टाइमलाइन बढ़ाने और ऑफलाइन सदस्य बनाने की छूट मिलने के बाद भी प्रदेश बीजेपी तय लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई है। बताया जा रहा है कि तय टारगेट से करीब 40 लाख कम सदस्य बने हैं। प्रदेश बीजेपी 84 लाख 19 हजार सदस्य ही बना सकी। इसमें से भी 60 लाख 19 हजार सदस्य ऑनलाइन और 24 लाख सदस्य ऑफलाइन बने हैं। सदस्यता अभियान में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को 60 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला था। प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों में से कई ने इस लक्ष्य को हासिल किया है। बीजेपी में संगठन के लिहाज से 44 संगठनात्मक जिले हैं। सदस्य बनाने में जयपुर शहर जिला टॉप पर है। यहां बीजेपी के 4 लाख 75 हजार सदस्य बने हैं। उसके बाद भीलवाड़ा, सीकर, अजमेर देहात, जालोर, पाली, अजमेर शहर, और चित्तौड़गढ़ जिले का नंबर आता है। सबसे फिसड्डी जिला धौलपुर है। यहां केवल 45 हजार सदस्य बने हैं। बूंदी और डूंगरपुर में 66 हजार, करौली में 69 हजार और बांसवाड़ा व सवाई माधोपुर में 71 हजार-71 हजार सदस्य बने हैं।*



शेष पृष्ठ 6 पर

### राजस्थान में पहले थे 1.36 करोड़ सदस्य

बीजेपी में सदस्यता अभियान की शुरुआत 3 सितंबर को हुई थी। उस दिन प्रदेश में बीजेपी की सदस्यता संख्या को जीरो कर दिया गया था। इससे पहले प्रदेश में बीजेपी के करीब 1 करोड़ 36 लाख सदस्य थे। दरअसल, बीजेपी में 6 साल के लिए सदस्य बनाए जाते हैं। उसके बाद हर सदस्य को नए सिरे से पार्टी की सदस्यता लेनी होती है। साल 2014 में सदस्यता अभियान से प्रदेश में करीब 83 लाख सदस्य बने थे। लेकिन, साल 2020 में कोरोना के चलते नया सदस्यता अभियान शुरू नहीं किया जा सका, बल्कि पुराने सदस्यता अभियान को ही एक्सटेंड कर दिया गया। इसमें करीब 53 लाख नए सदस्य बने। इस तरह 3 सितंबर से पहले प्रदेश में बीजेपी के सदस्यों की संख्या 1 करोड़ 36 लाख थी।

## ख्वाजा साहब की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा वाली याचिका मंजूर

**सिविल कोर्ट ने मामले को सुनने योग्य माना, दरगाह कमेटी समेत 3 पक्षकारों को नोटिस जारी**



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर**

अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा करने वाली याचिका अजमेर सिविल कोर्ट ने स्वीकार कर ली। बुधवार को अदालत ने इसे सुनने योग्य माना है। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से याचिका लगाई गई है। सिविल कोर्ट ने अल्पसंख्यक मंत्रालय, दरगाह कमेटी अजमेर और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) को नोटिस भेजा है। मामले में अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

याचिका में रिटायर्ड जज हरविलास शारदा की 1911 में लिखी किताब अजमेर- हिस्टॉरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव का हवाला देते हुए दरगाह के निर्माण में मंदिर का मलबा होने का दावा किया गया है। साथ ही गर्भगृह और परिसर में एक जैन मंदिर होने की बात कही गई है।

**इन डॉक्यूमेंट्स के आधार पर किया दावा :** रिटायर्ड जज हरविलास शारदा की 1911 में लिखी किताब अजमेर:

शेष पृष्ठ 6 पर

### दिल्ली के एडवोकेट ने 38 पेज की याचिका दाखिल की

दिल्ली के एडवोकेट रामस्वरूप बिश्नोई ने बताया कि कोर्ट में 38 पेज की याचिका दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर है। दरगाह की बनावट और शिव मंदिर के प्रमाण शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश में नहीं थम रहा फर्जीवाड़ा

# डमी छात्र से परीक्षा पास कर फर्जी सर्टिफिकेट से नौकरी

**एसओजी ने एक लेक्चरर समेत तीन पीटीआई को गिरफ्तार किया**

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

प्रदेश में फर्जी तरीके से सरकारी नौकरियां पाने का फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। भर्ती परीक्षा की गड़बड़ी की जांच में जुटी एसओजी ने इस कड़ी में एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसओजी ने बुधवार को एसओजी ने डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने के मामले में एक लेक्चरर और तीन शारीरिक शिक्षक (पीटीआई) को गिरफ्तार किया है। इन चारों के खिलाफ एसओजी को वॉट्सऐप हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत मिली थी। इसके बाद इन पर नजर रखते हुए इनके डॉक्युमेंट्स खंगाले तो फर्जीवाड़ा निकला। जांच में फर्जी तरीके से पीटीआई बनने वाले 3 आरोपियों की बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) की डिग्री भी फर्जी निकली। इसके बाद बाड़मेर और सांचौर की अलग-अलग लोकेशन से इन चारों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर 7 दिन की रिमांड पर लिया गया है। मामला राजस्थान लोक सेवा आयोग की वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) ग्रेड सेकेंड-2022 और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की शारीरिक शिक्षक सीधी भर्ती-2022 का है। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि, एग्जाम में फर्जीवाड़े से पास होने के मामले में राजीव नगर (सांचौर) निवासी राजेंद्र बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। वह



शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य निर्वाचन आयोग ने शुरू की चुनाव की तैयारियां

# प्रदेश की 6759 पंचायतों में नियुक्त होंगे प्रशासक

## शहरी निकाय की तरह ग्राम पंचायत के वार्डों के परिसीमन की तैयारी

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

प्रदेश के 49 शहरी निकायों के बाद अब प्रदेश की 6 हजार 759 ग्राम पंचायतों में प्रशासक लगाने की तैयारी की जा रही है। शहरी निकायों की तर्ज पर पंचायतों के वार्डों के परिसीमन पर भी विचार किया जा रहा है। इन ग्राम पंचायतों का जनवरी में कार्यकाल पूरा हो रहा है। इससे पहले अब चुनाव के आसार नहीं हैं। सरकार ने शहरी निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ करवाने के लिए अभी फैसला नहीं किया है।

उधर, राज्य निर्वाचन आयोग ने जनवरी में चुनाव करवाने की तैयारी शुरू करते हुए हर पंचायत में वोटर लिस्ट अपडेट करने के लिए प्रगणक लगाने के आदेश दिए हैं। दो दिन पहले (25 नवंबर को) ही प्रदेश के 49 शहरी निकायों में प्रशासक लगाए थे। इन निकायों का कार्यकाल पूरा हो गया था। पंचायतों में ग्राम सचिवों को प्रशासक लगाया जा सकता है। जिन पंचायतों का कार्यकाल जनवरी में पूरा हो रहा है, उनके चुनाव आगे खिसकाया जाना तय माना जा रहा है। वन स्टेट, वन इलेक्शन को लेकर सरकार में हाई लेवल पर मंथन चल रहा है। अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। इसे लेकर जल्द एक मंत्री लेवल कमेटी बनाने की तैयारी है। सरकार बजट सत्र तक इस पर फैसला ले सकती है। बजट सत्र में इसे लेकर बिल लाया जा सकता है।

सरकार की तैयारियों के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने जनवरी में पंचायत चुनाव करवाने की तैयारी शुरू कर दी है। राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए वोटर लिस्ट अपडेट करने के लिए प्रगणक नियुक्त करने को कहा है। पंचायत के तीन या चार वार्डों के लिए एक प्रगणक नियुक्त होगा। एक प्रगणक के पास आवंटित वार्डों



शेष पृष्ठ 6 पर

### निकायों-पंचायतों पर कब्जा करना चाहती है सरकार : जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने 49 शहरी निकायों में प्रशासक लगाने और पंचायतों में प्रशासक लगाने की तैयारियों को लेकर सरकार पर पलटवार किया है। जूली ने कहा कि राजस्थान की बीजेपी सरकार प्रशासक लगा ?कर शहरी निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं पर कब्जा करना चाहती है। सरकार 49 निकायों में प्रशासक लगा चुकी है और करीब सात हजार पंचायतों में प्रशासक लगाने की तैयारी कर चुकी है। सरकार का यह कदम असंवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने वाला है। जूली ने कहा कि सरकार ने राज्य के पांच नगर निगम, 20 नगर परिषद और 24 नगर पालिका का कार्यकाल समाप्त होने का तर्क देकर इनमें सरकारी अफसरों को प्रशासक लगा दिया। इन निकायों की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कायम रखने के लिए इनमें तत्काल चुनाव कराने की घोषणा करनी चाहिए थी। इन निकायों के अविलम्ब चुनाव कराए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासक लगाने के पीछे राज्य सरकार वन स्टेट वन इलेक्शन

शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट बोला | क्रिश्चियन धर्म अपनाया, अब नौकरी के लिए हिंदू होने का दावा सही नहीं



# आरक्षण का फायदा उठाने के लिए धर्म परिवर्तन करना संविधान से धोखा

***नई दिल्ली (एजेंसी)।*** *सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ आरक्षण का फायदा उठाने के लिए किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखा है। अदालत ने यह फैसला 26 नवंबर को उस केस में सुनाया, जिसमें एक महिला ने क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था, लेकिन बाद में शेड्यूल कास्ट सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए दावा किया कि वो हिंदू है।*

*सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की अपील को ठुकरा दिया और कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस आर महादेवन ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा। बेंच ने कहा कि किसी को भी धर्म परिवर्तन तब करना चाहिए, जब वो वास्तव में उस धर्म के मूल्यों, विचारों और आस्था से प्रेरित हुआ हो। अदालत ने कहा कि अगर धर्म परिवर्तन का मकसद आरक्षण का फायदा उठाने के लिए हो, लेकिन व्यक्ति को उस धर्म पर भरोसा नहीं हो तो इसे इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसे में ये सिर्फ रिजर्वेशन पॉलिसी और सामाजिक स्वभाव को नुकसान पहुंचाएगा।*

***बाप्टिज्म के बाद हिंदू होने का दावा नहीं कर सकते :*** *बेंच ने कहा कि हमारे सामने जो सबूत रखे गए, उसके आधार पर बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता ने क्रिश्चियन धर्म अपनाया और वो लगातार चर्च जाती है, यानी वो धर्म का पालन भी कर रही है, लेकिन दूसरी तरफ वो यह दावा कर रही है कि वो हिंदू है। वो रोजगार के लिए एससी सर्टिफिकेट चाहती है। वो दो दावे कर रही है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वे बाप्टिज्म के बाद खुद के हिंदू होने का दावा नहीं कर सकतीं।*

***याचिकाकर्ता महिला की ओर से 8 वकीलों ने जिरह की :*** *याचिकाकर्ता महिला सेल्वरानी की ओर से वकील एनएस नप्पिनई, वी बालाजी, असाइथम्बी एमएसएम, अतुल शर्मा, सी कन्नन, निज़ामुद्दीन, बी धनंजय और राकेश शर्मा ने जिरह की। वहीं, वकील अरविंद एस, अक्षय गुप्ता, अब्बास बी और थराणे एस ने तमिलनाडु सरकार का पक्ष रखा।*

## अडाणी मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा

**नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बोले-उन्हें जेल में होना चाहिए, सरकार बचा रही**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने अडाणी मुद्दे पर हंगामा किया। 12 बजे दोबारा कार्यवाही शुरू हुई तो फिर हंगामा हुआ। विपक्ष ने यूपी के संभल में हिंसा का मुद्दा भी उठाया। जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा दोनों को 28 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। राहुल गांधी ने संसद के बाहर कहा कि अडाणी पर अमेरिका में 2 हजार करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है। उन्हें जेल में होना चाहिए। मोदी सरकार उन्हें बचा रही है। दरअसल, 21 नवंबर को यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस की ओर से कहा गया था कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर

शेष पृष्ठ 6 पर